ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय

कामेश्वरनगर, दरभंगा – 846004

अभिषद् की अत्यावश्यक बैठक दिनांक 09.12.2021 का कार्यवृत्त

समयः– 12:30 बजे अपराह्न

उपस्थितिः–

1.	प्रो० सुरेन्द्र प्रताप सिंह, कुलपति	–	अध्यक्ष
2.	प्रो० डॉली सिन्हा, प्रति–कुलपति	–	सदस्य
3.	डॉ० बैद्यनाथ चौधरी	–	सदस्य
4.	प्रो० अजय नाथ झा	–	सदस्य
5.	प्रो० विजय कुमार यादव	–	सदस्य
6.	डॉ० दिलीप कुमार चौधरी	–	सदस्य
7.	प्रो० अशोक कुमार मेहता	–	सदस्य
8.	प्रो० प्रेम मोहन मिश्र	–	सदस्य
9.	डॉ० जय शंकर प्रसाद, प्रधानाचार्य	–	सदस्य
10.	डॉ० आनंद मोहन झा, प्रधानाचार्य	–	सदस्य
11.	श्री सुजीत पासवान	–	सदस्य
12.	डॉ० राजेन्द्र साह, विभागाध्यक्ष	–	सदस्य
13.	डॉ० एच०सी० झा, विभागाध्यक्ष	–	सदस्य
14.	डॉ० अमर कुमार	–	सदस्य
15.	श्रीमती मीना कुमारी	–	सदस्य
16.	डॉ० फैयाज अहमद	–	सदस्य
17.	श्री लक्ष्मेश्वर राय	–	सदस्य
18.	श्री इम्बेशात शौकत	–	सदस्य
19.	प्रो० मुश्ताक अहमद, कुलसचिव	–	सचिव

अध्यक्ष की अनुमति से कुलसचिव द्वारा सर्वप्रथम आगत सदस्यों का स्वागत किया गया। कुलसचिव–सह–सचिव द्वारा सूचित किया गया कि माननीय न्यायालय के आदेश के आलोक में माननीय कुलाधिपति द्वारा स्वीकृत दिशा–निर्देश एवं इस प्रसंग में राज्य सरकार द्वारा निर्गत पत्र द्वारा संसूचित कार्यक्रम के अनुसार सम्बद्ध महाविद्यालयों के संबंधन के दीर्घीकरण का प्रस्ताव अथवा प्रस्तावित महाविद्यालयों के संबंधन के प्रस्ताव को विभिन्न निकायों से पारित करा कर राज्य सरकार के संबंधित पोर्टल पर दिनांक 15 जनवरी, 2022 तक ही ऑन–लाईन अपलोड करना है क्योंकि उक्त तिथि के बाद पोर्टल बंद हो जायेगी और संबंधन संबंधी प्रस्ताव अगले एक वर्ष तक बिलम्वित हो जायेगा। इसलिए दिनांक 13 जनवरी, 2022 को सिनेट की बैठक प्रस्तावित की गई है और इसके लिए नियमानुसार सूचना एवं प्रारम्भिक कार्य सूची भेजने हेतु 35 दिनों की आवश्यकता है जो दिनांक 09.12.2021 होता है। इसी कारण से सामान्य बैठक की जगह अभिषद् की अत्यावश्यक बैठक आज आहूत की गई है जिसमें मात्र सिनेट से संबंधित कार्यक्रम एवं प्रारम्भिक कार्यसूची का प्रारूप विचारार्थ रखा गया है, क्योंकि उक्त कार्यों के लिए अभिषद् का अनुमोदन आवश्यक है।

डॉ० बैद्यनाथ चौधरी ने माननीय अध्यक्ष एवं सदन का ध्यान वेतन, पेंशन भुगतान में हो रहे बिलम्ब पर आकृष्ट किया।

श्रीमती मीना कुमारी ने व्यवस्था का प्रश्न उठाते हुए सूचित किया कि मात्र एक दिन की सूचना पर बैठक बुलाना उचित नहीं है। प्रसाशन द्वारा निर्णयों में हमारी सहभागिता नहीं ली जा रही है और इतने दिनों बाद बैठक बुलाई भी गई है तो मात्र एक मद के लिए। इस पर कुलसचिव द्वारा सूचित किया गया कि अगली सामान्य बैठक दिनांक 19.12.2021 को प्रस्तावित है और सिनेट से संबंधित कार्यक्रम में अंकित है, जो आज की बैठक के ऐजेंडे में है।

प्रो0 दिलीप कुमार चौधरी ने कहा कि सिनेट की प्रस्तावित तिथि, प्रारम्भिक कार्यसूची एवं इस से संबंधित कार्यक्रम को लेकर यह अत्यावश्यक बैठक बुलाई गई है और सदन से आग्रह है कि आज की बैठक में हम इस पर विचार कर पारित करें। शेष बातें अगली सामान्य बैठक में उठाई जा सकती है।

मद सं0: 1. ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा अधिषद् की प्रस्तावित बैठक से संबंधित कार्यक्रम एवं प्रारंभिक कार्यसूची के अनुमोदन पर विचार।

निर्णयः **सर्वसम्मति से अधिषद् की प्रस्तावित बैठक से संबंधित कार्यक्रम एवं प्रारंभिक कार्यसूची को अनुमोदित किया गया।**

माननीय अध्यक्ष की अनुमति से कुलसचिव–सह–सचिव द्वारा माननीय सदस्यों का उनके सहयोग के लिये धन्यवाद ज्ञापित किया गया। तदुपरान्त कल दिनांक 08.12.2021 को सी0डी0एस0 जेनरल बिपिन रावत एवं अन्य तेरह जवानों के हेलिकॉप्टर दुर्घटना में हुई दुःखद देहावसान एवं इस सदन के माननीय सदस्य डॉ0 डी0एन0 पासवान सहित विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय परिवारों के दिवंगत सदस्यों के प्रति शोक प्रस्ताव सचिव द्वारा रखा गया जिसे दो मिनट की मौन रखते हुए सदन द्वारा दिवंगत आत्माओं के लिए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अध्यक्ष की अनुमति से बैठक की प्रक्रिया समाप्त घोषित की गई।

ह0/–
(प्रो0 सुरेन्द्र प्रताप सिंह)
कुलपति–सह–अध्यक्ष

ह0/–
(प्रो0 मुश्ताक अहमद)
कुलसचिव–सह–सचिव

ज्ञापांकः– UB-630/21
दिनांकः– 09/12/2021

प्रतिलिपि प्रेषितः–

1. **अभिषद् के सभी माननीय सदस्य,** ल0ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा;
2. **सचिव, उच्च शिक्षा,** बिहार, पटना;
3. **निदेशक, उच्च शिक्षा,** बिहार, पटना;
4. **उप–सचिव,** राज्यपाल सचिवालय, बिहार, पटना;
5. **सभी पदाधिकारी,** ल0ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा;
6. **नोडल पदाधिकारी (विश्वविद्यालय वेबसाईट),** ल0ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा;
7. **कुलपति के सचिव/प्रति–कुलपति/वित्तीय परामर्शी/कुलसचिव के निजी सहायक,** ल0ना0 मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा;

को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ।

09/12/21
कुलसचिव